भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. *54
सोमवार, 06 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद योजना के अंतर्गत धार्मिक स्थलों का विकास

*54. श्री नायब सिंह सैनी:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हरियाणा के विभिन्न पर्यटन स्थलों को प्रसाद योजना के अंतर्गत शामिल किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार माता मनसा देवी मंदिर, हरियाणा में पंचकुला में स्थित नाडा साहिब तथा इसके साथ ही आदि बद्री जैसे धार्मिक स्थलों के लिए उक्त योजना के माध्यम से कोई विशेष प्रावधान कर रही है ताकि उक्त स्थानों पर आने वाले श्रद्धालुओं को उक्त योजना का लाभ मिल सके तथा इसके साथ ही उक्त स्थानों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जा सके;

(घ) क्या सरकार द्वारा प्रसाद योजना में नए घटकों को शामिल किए जाने की संभावना है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को भी लाभ मिल सके; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

प्रसाद योजना के अंतर्गत धार्मिक स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. *54 भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के अंतर्गत गंतव्यों की पहचान और परियोजनाओं के अनुमोदन का कार्य संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर किया जाता है । हरियाणा की राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारे और माता मंशा देवी मंदिर को प्रशाद योजना के तहत शामिल किया गया है । तीर्थ पर्यटन सुविधाओं के विकास संबंधी योजना के अंतर्गत इन गंतव्यों में 49.52 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से ''पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारे और माता मंशा देवी मंदिर का विकास'' परियोजना को अनुमोदित किया गया है ।

(घ) और (ड.) : प्रशाद योजना पूरे देश में चिह्नित गंतव्यों में तीर्थयात्रा तथा विरासत पर्यटन अवसंरचना के विकास से जुड़ी योजना है फिर चाहे वे चिह्नित गंतव्य ग्रामीण, शहरी, जनजातीय अथवा किसी भी अन्य क्षेत्र में अवस्थित हों और इस योजना के लाभ स्थानीय लोगों के लिए उपलब्ध हैं ।

*****